### पुर्नजीवित पौधे मरने की स्थिति में सघन क्षेत्र होगा प्रभावित

## पुलिया निर्माण में निकल रही रेत के अवैध भंडारण से पौधों को रही हानि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया आरईएस उप संभाग के अंतर्गत सिंगोड़ी से डोंगरगांव मार्ग पर ठेकेदार के माध्यम से विभाग द्वारा पुलिया निर्माण करवाया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार ने पुलिया खुदाई का काम शुरू किया है। यह पुलिया वन भूमि की नदी मैं वन विभाग से विधिवत अनुमति के साथ, निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। लेकिन इस पुलिया की खुदाई में निकलने वाली रेत को ठेकेदार ट्रकों से पास ही ग्रामीणों के बतालाये। अनुसार वन भूमि में अवैध रूप से भंडारण किया रहा है। इस भंडारण में उपयोग किया गये ट्रक पुलिया खुदाई से निकलने वाली रेत, ट्रकों से भंडारण कर रहे है। जिससे इस क्षेत्र में पुनर उत्पादन



पौधे ट्रैकों के टायर के नीचे एवं रेत के भंडारण में दब रहे हैं। जंगल बढ़ेगा और कैसे सघन होगा ?इस तरह इस पुलिया निर्माण में ठेकेदार की लापरवाही के साथ-साथ आर,ई, एस, विभाग के अधिकारियों की लापरवाही ईसमै साफ देखने मिल रही है। उनकी भी जवाबदारी बनती है कि पुनः उत्पादन पौधों को सुरक्षित रखें और रेत को नदी में ही पुलिया निर्माण के बाजू एकत्रित करवाए। लेकिन इसमें ठेकेदार की मनसा भी साफ दिख रही है की पुलिया निर्माण में रेत लगना है तो पुलिया खुदाई की आड़ में रेत का भंडारण कर वन भूमि को हानी पहुंचा कर वन अधिनियम का उल्लंघन कर रेत का अवैध उत्खनन करने की मंशा साफ जाहिर हो रही है। यदि पुलिया निर्माण स्थल के आजू-बाजू में जो रेत का भंडारण किया गया है । वह कई वर्ग मीटर क्षेत्रफल मै देखा जा सकता है और इसमें अनगिनत पौधे दब गए और रेत डंप करने वाले ट्रकों के टायरौ नीचे आकर नष्ट भी हो गए। यदि शीघ्र ही ठेकेदार को निर्देशित नहीं किया गया तो और भी ज्यादा तादाद में पौधों को हानि होगी।

इसलिए आरईएस विभाग के अधिकारियों को इसमें हस्तक्षेप कर भंडारण की जा रही रेत में जो पौधे दब गए उन्हें बचाने ठेकेदार को निर्देशित करना होगा नहीं तो प्राकृतिक द्वारा दिए गए पुनर उत्पादन पौधे बड़े होने के पहले ही मर जाएंगे।

इस संबंध में रविकांत पटले उपन्यत्री आरई एस का कहना है कि सिंगोड़ी से डोंगरगांव मार्ग में बन रहीं पुलिया निर्माण के लिए वन विभाग से विधिवत अनुमति ली गई है। इस आधार पर पुलिया निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है

### जनपद उपाध्यक्ष जमील खान ने सुलझाया मामला

## सड़क निर्माण को लेकर सरपंच उपसरपंच पांच और ग्रामीणों का सचिन से विवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ग्राम पंचायत बेलगांव के वार्ड 11 में बन रही सड़क को लेकर सरपंच उप सरपंच पंच और ग्रामीणों का सचिव के साथ विवाद खड़ा हो गया । जिसे जनपद उपाध्यक्ष जमील खान द्वारा सुलझाया गया ।गौरतलब है , कि ग्राम पंचायत बेलगांव में पांच नदी के समीप वार्ड 11 में 100 मीटर सीसी रोड का काम शुरू किया गया था ।

सरपंच अखिलेश काकोडिया , उप सरपंच दिनेश यदुवंशी का कहना था कि सचिव ने बिना किसी सूचना के यह कार्य शुरू कर दिया । वहीं वार्ड पंच और स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है , कि सड़क गुणवत्ताहीन बनाई जा रही है । जिसको लेकर सचिव के खिलाफ शिकायत का दौर जारी हो गया । इसके बाद सरपंच , उप सरपंच , पंच और कुछ ग्रामीण शुक्रवार को जनपद पंचायत परासिया पहुंचे । यहां उपाध्यक्ष जमील खान ने जानकारी लगने पर सचिव सरवन कनौजिया और सरपंच , उप सरपंच पंच और ग्रामीणों को बैठाकर मामले की पूरी जानकारी लेने के बाद उनके बीच आपसी तालमेल बैठाया । साथ ही सचिव को सड़क पूरी गुणवत्ता के साथ बनाने के निर्देश भी दिए । जो सड़क बनाई जा रही है उसके बेस को लेकर भी ग्रामीण उंगली उठा रहा है वहीं सचिन का कहना है कि पुरानी सड़क के ऊपर 4 इंच मोटी सीमेंट की परत लगाई जा रही है ताकि लोगों को आने - जाने में सुविधा हो सके । सड़क के लिए किस पर जहां सीमेंट की बोरियां और बल्ली का बेस बना दिख रहा है दरअसल ग्रामीण के द्वारा अस्थाई तौर पर आने जाने के लिए व्यवस्था बनाई गई है ।

## उम्मीदों को पूरा कर रही मोदी की गारंटी की गाड़ी : बंटी

### साहूविकसित भारत संकल्प यात्रा में उमड़ रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी जहां जहां भी जा रही है, लोगों का भरोसा बढ़ा रही है और उनकी उम्मीदों को पूरा कर रही है। यह बात ज़िला भाजपा अध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आम जन को संबोधित करते हुए कही। शहर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 1 काराबोह क्षेत्र में पहुंची थी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवेक बंटी साहू ने कहा की विकसित भारत संकल्प यात्रा लेकर निकली गाड़ी सिर्फ बैनर पोस्टर और एलईडी से सजा वाहन नही है, बल्कि ये ऐसे ज़रूरत मंद लोगों तक पहुंचने का जरिया है, जो पात्र होने के बावजूद सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं। ऐसे पात्र हितग्राहियों को तलाश कर उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। विवेक बंटी साहू ने कहा की भाजपा सरकार की योजनाएं बिना किसी पक्षपात या भेदभाव के सभी के लिए उपलब्ध हैं। अपने उद्बोधन में वरिष्ठ भाजपा नेता शेषराव यादव ने कहा की विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान कार्ड जारी किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। श्री यादव ने कहा की महिलाओं को रोज़गार उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है।इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित पोफली, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिजवान कुरैशी, वरिष्ठ भाजपा नेता लोकेश डेहरिया, भाजयुमो नगर अध्यक्ष बिट्टू मंडराह, पूर्व पार्षद दिन्शु यादव, पुरुषोत्तम भार्गव, शीवरन सोनेकर, समीर श्रीवास्तव, राजेश शर्मा,संजय सिंग ठाकुर,सुनील साहू, ईश्वर सिंग चौरसिया,वीरेन्द्र शुक्ला,जय देव उइके, चन्द्रकुमार बट्के,गौरव सूर्यवंशी,राजेश राउत,नरेंद्र चोकसे,मनेस सोनी,लकी दुर्गेश पाल,राम मोहन सूर्यवंशी,संतोष मन्द्राह, भुनेश परानी, प्रदीप पाल मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात नियमों की दी जानकारी

**छिंदवाड़ा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल से जारी पत्र के परिपालन में जिला पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा के निर्देशन में बिछुआ पुलिस थाना में पदस्थ पुलिस कर्मियों के द्वारा विशेष अभियान चलाकर नागरिकों को जागरूक किया गया। बिछुआ थाना प्रभारी खेलचंद पटले ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत नगर परिषद बिछुआ के बस स्टैंड, भारतीय स्टैंड बैंक, पावर हाउस चौंक आदि स्थलों पर पुलिस कर्मियों के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी गई। प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर सोनी ने अभियान के तहत आमजनों को दुपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट के वाहन न चलाने और चौपहिया वाहनों को बिना सीट बेल्ट के वाहन न चलाने की समझाईश दी। साथ ही उत्कृष्ट विद्यालय बिछुआ में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए पालन करने की समझाईश दी। तथा परिजनों को भी नियमों बताते के लिए कहा गया।

## आजनगांव सरपंच चुनाव में पड़े 1028 वोट





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

विकासखंड के ग्रामपंचायत आजनगांव में आज संपन्न हुए सरपंच पद के चुनाव में कुल 1028 वोट डाले गए। बताया गया है मतगणणा आगामी 9 जनवरी को स्थानीय निर्वाचन कार्यालय में होगी। ज्ञात हो कि आजनगांव के सरपंच मनीष राऊत का गत दिनों निधन हो गया था इसलिए सरपंच पद काफी दिनों से रिक्त पडा था। इसके बाद निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया का आरंभ किया गया। ग्राम पंचायत आजनगांव के सरपंच पद के चुनाव में पूर्व सरपंच मनीष की धर्मपत्नी संगीता राऊत तथा हरिश्चंद्र मधुकर निहारे यह दो उम्मीदवार लड रहे है। आज हुए चुनाव के बाद कुल 1108 मतदाताओं में से 1028 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किए जाने की जानकारी निर्वाचन कार्यालय ने साझा की है। इस चुनाव में 510 पुरूष और 518 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## शराब के नशे में पटवारी ने की गाली गलौच

**परासिया :-** परासिया तहसील के बेलगांव हल्का क्षेत्र में पदस्थ पटवारी ने शराब के नशे में आर आई के ऑफिस में गाली गलौच की । इसके बाद आर आई ने पुलिस को सूचना दी । जिसके बाद पुलिस ने पटवारी को थाने ले गई और वहां से उसे घर भेज दिया गया ।मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित इस्ताक अली जो , कि स्टाम्प वेंडर का कार्य करते हैं । वे बेलगांव की एक जमीन का नामांतरण करवाने के संबंध में पटवारी आशीष पटेल से परासिया स्थित आर आई ऑफिस में मिले । जहां पटवारी शराब के नशे में धुत बैठा हुआ था । जिसने पीड़ित इस्ताक अली से जमकर गाली गलौच की और अप शब्द कहे । इसके बाद आर आई ने पुलिस को सूचना दी और फिर पुलिस ने पटवारी को थाना ले गई । हालांकि इस मामले में खबर लिखे जाने तक लिखित शिकायत नहीं की गई थी । इस मामले में तहसीलदार से पूछने पर उन्होंने जानकारी नहीं होने की बात कहते हुए मामले का पता लगाकर उचित कार्रवाई करने की बात कही है ।

## नई आबादी पार्श्वनाथ जिनालय में होगा आयोजन, 20 वां वार्षिक महोत्सव 11 से

**छिंदवाड़ा** – पौष कृष्ण ग्यारस के शुभ दिन रविवार 7 जनवरी को सकल जैन समाज के साथ श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन वर्तमान चौबीसी के 8 वें तीर्थंकर चंद्रप्रभजी एवं 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का मंगलकारी जन्म तथा तप कल्याणक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा।फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव पर नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में मंगल महोत्सव का शुभारंभ प्रातः 7.15 बजे श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा पश्चात 7.30 बजे से श्री जिनेन्द्र पूजन, तीर्थंकर चंद्रप्रभ पूजन एवं पार्श्वनाथ पूजन कर दोनों तीर्थंकर भगवंतों का मंगलकारी जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव बाल ब्रह्मचारणी प्रज्ञा दीदी दिल्ली, छिंदवाड़ा से डॉ. आरती जैन, अंतिम जैन, अंजली जैन, वैशाली जैन सहित स्थानीय विद्धतगणों, श्रेष्ठिजनों सहित श्रावक - श्राविकाओ की उपस्थिती में मनाया जावेगा।चार दिवसीय होगा 20 वां वार्षिक महोत्सवसुरेंद्र जैन, सुबोध जैन एवं जिनेन्द्र जैन ने बताया की गुरुवार 11 जनवरी से रविवार 14 जनवरी तक श्री पार्श्वनाथ जिनालय का 20 वां वार्षिक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ मनाया जावेगा, जिसमे पूजन विधान के साथ श्री जिनेन्द्र शोभायात्रा निकाली जावेगी। चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव में देवलाली से पधार रहीं बाल ब्रह्मचारणी जीनल बहनजी का विशेष प्रवचन सुनने का सौभाग्य सकल जैन समाज को प्राप्त होगा ।कल रविवार को होगी बैठक -मंडल अध्यक्ष शांतिकुमार पाटनी एवं मंत्री अशोक जैन ने बताया कि श्री पार्श्वनाथ जिनालय के चार दिवसीय अनुष्ठानों की सम्पूर्ण रूपरेखा का निर्धारण करने हेतु कल रविवार 7 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में विशेष बैठक का आयोजन किया गया है।

## विकास यात्रा पहुंची पिपलपानी, लोगों को योजनाओं की दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

भाजपा सरकार की विकास यात्रा आज ग्राम पिपलपानी पहुंची जहां प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाने का कार्य किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं को सभी वर्ग के लोगो तक पहुंचाने के लिए भाजपा के समस्त कार्यकर्ता गण दि रात जुटे है। इस अवसर पर मुख्य रुप से पंकज नाईक, कमलेश राठौर , लक्ष्मण कपले, बाल्याभाऊ ठाकरे, कृष्णा सरेयाम, शेषराव बांरगे, भोजराज डोंगरे, सरस्वती कुमरे, सस्तीराम कुमरे, प्रकाश उईके एवं पार्टी के अनेक जेष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे । इसके साथ ही भाजपा द्वारा प्रत्येक बूथ स्तर पर समीक्षा की जा रही है। मेरा बुथ सबसे मजबूत की तर्ज पर काम किया जा रहा है।

## कबड्डी में मुजफ्फरपुर-यूपी ने जीता खिताब

### घाटकामठा में प्रदेश स्तरीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ



बिछुआ ब्लॉक के ग्राम पंचायत के घाटकामठा में विशाल ओपन स कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में जिले सहित अन्य प्रदेश की टीम शामिल हुई। गुरूवार को मुजफ्फरपुर उत्तर प्रदेश और हापुर उत्तर प्रदेश के बीच फाईनल मैच देर रात तक चलता रहा। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी,जिला कांग्रेस महामंत्री इंन्द्रपाल पटेल,ब्लाक अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर,गोलू राऊत ,युवक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकु पटेल,क्षेत्रीय अध्यक्ष पुसु उईके,अनिल चौरसिया विशेष रूप उपस्थिति रहे।रोमांचक मैच में मुजफ्फरपुर की टीम ने खिताब अपने नाम किया, द्वितीय पुरस्कार हापुर उत्तर प्रदेश और तृतीय पुरस्कार सालीढाना अमरवाड़ा एवं चतुर्थ पुरूस्कार कोलितमारा महाराष्ट्र को मिला। विजेता टीम को मुख्य अतिथि के द्वारा विजेता टीम को 21000, रूपये,उपविजेता टीम को 11000रूपये,तृतीय स्थान पर रही टीम को5000 रुपये और चतुर्थ टीम 3000 रुपये नगद और शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य रुप से नीलकमल सरयाम,किरण कोड़पे, रोहित सूर्यवंशी,अब्दुल खान,ललित डोंगरे,दीपक खड़से,बसंत धुर्वे,असाडू भलावी,परसराम उईके (वनरक्षक), प्रकाश कोडोपे, शिवप्रसाद उईके (शि.), बया उईके (शि.), विनोद मर्सकोले ,निर्णायक,रामदास उईके (वनरक्षक), रोहित परतेती, संतोष नौरे, इंन्द्रजीत उईके, प्रवीण सराठे, गोपीचंद उईके मनोज उईके, जालिकराम सराठे (शि.) , अरूण सराठे (सरपंच), रामाधार सराठे, किरणकुमार कोडोपे, तिरूमाल मुरुलीधर उईके, अनेकलाल सराठे, सुरेश विश्वकर्मा, संतोष सराले, इंदर सराठे,प्रितम सराठे, समलसिंग सरयाम,भजनलाल सराठे (पू. सरपंच) , फुलाराम उईके सहित दर्शकगण मौजूद रहे।

## केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे आम नागरिक

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में तत्काल स्वीकृत हुए पेंशन प्रकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश शासन द्वारा ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ के अंतर्गत भारत सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिए जाने हेतु 3 जनवरी से 7 जनवरी तक शहर के विभिन्न हिस्सों में शिविरो का आयोजन प्रारंभ किया गया। गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहला कार्यक्रम काराबोह बस्ती में हुआ एवं द्वितीय कार्यक्रम खपाभाट में आयोजित हुआ। इन शिविरो के माध्यम से हितग्राहियों के आवेदन लिए गए एवं हितलाभ भी प्रदान किया गया। दोनो शिविर का आरंभ कन्या पूजन के साथ हुआ एवं योजनाओं के जानकारी देते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगो का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर किरदार संस्थान द्वारा केंद्र शासन की योजनाओं को दिखाते हुए नाट्य मंचन किया। कराबोह बस्ती शिविर में आवेदन के तत्काल बाद ही पांच वृद्धजनों को पेंशन योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना एवं पीएम स्वनिधि के हितग्राहियों द्वारा ₹मेरी कहानी, मेरी जुबानी₹ द्वारा योजना से जुड़े अपने अनुभवों को मंच से साझा किया। शिविर में हजारों की संख्या में हितग्राही शामिल हुए। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेक साहू, नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, शेषराव यादव, क्षेत्रीय पार्षद सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह , कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। आज प्रातः 09 बजे से इमलीखेड़ा एवं दोपहर 03 बजे से चंदनगांव में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### थाना क्षेत्र के ग्रामों के परिसीमन हेतु बैठक का आयोजन

**चौरई।** प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार शुक्रवार को नगर के एसडीएम कार्यालय में चौरई क्षेत्र के विभिन्न थाना के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के परिसीमन को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें विधायक सुजीत चौधरी जी एवं पूर्व विधायक शामिल हुए ।बैठक में पूर्व विधायक श्री दुबे ने कहा की विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में ग्राम हिवरखेड़ी और खमारपानी में पुलिस चौकी संचालित है जिन्हे पृथक कर नया थाना क्षेत्र बनाया जाए और ग्राम सांख और लोहांगी को नवीन पुलिस चौकी बनाया जाए साथ ही चौरई थाना अंतर्गत ज्यादा दूरी के ग्रामों को संबंधित नजदीकी थाने में जोड़ने की बात कही गईबिछुआ क्षेत्र के ग्राम चकारा को सौंसर से हटाकर पुनः बिछुआ में जोड़ने का प्रस्ताव भी रखा गया बैठक में परिसीमन को लेकर अन्य विचार भी रखे गए ।बैठक में एसडीएम श्री प्रभात मिश्रा, जनपद अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी, नपा अध्यक्ष पूर्णिमा जैन, तीरथ ठाकुर, धीरज खंडेलवाल, महेंद्र वर्मा समेत समस्त विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### नगर निगम अवैध कॉलोनी पर हुआ बेहद सख्त

## नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर एक साथ 4 ले आउट किए ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा आयुक्त राहुल सिंह द्वारा लगातार अवैध कॉलोनी पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त द्वारा विगत दिनों चिन्हित 23 कोलोनाजर पर एफआईआर के निर्देश दिए गए है इसके बाद भी लगातार अवैध कॉलोनियों के ले आउट हटाने का कार्य निगम अमले द्वारा किया जा रहा है। आयुक्त राहुल सिंह के निर्देश पर निगम अमले ने एक ही दिन में एक के बाद एक चार कॉलोनी के ले आउट को ध्वस्त कर दिया। शुक्रवार को हुई इस कार्यवाही में भूमि स्वामी मुमताज पति शाबीर खान के खजरी पेट्रोल पंप में सामने एवं अब्दुल कलीम, अब्दुल करीम तथा दलजीत सिंह उर्फ बाबू सिंह के परतला काराबोह स्थित अवैध कॉलोनियों के ले आउट को हटाया इसके साथ ही इनके प्रकरण तैयार करने एवं नियमानुसार कार्रवाही के निर्देश आयुक्त ने दिए। निगम अमले द्वारा यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

**कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन**

**छिंदवाड़ा।** जनजागरण मंच द्वारा युग पुरूष स्वामी विवेकानन्द जयंती पर अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता का शनिवार को भूमिपूजन होगा।

**कार्यालय तहसीलदार चांद जिला छिंदवाड़ा, म.प्र.**

**आम इश्तहार**

क्र./Q/2024 चांद, दि. 04-01-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम आमगांव में भूमि खसरा नंबर 391-393/01 रकबा 15.114 हेक्टेयर में से 0.800 हेक्टेयर भूमि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र टाप के भवन निर्माण हेतु आवंटन होना है जिस व्यक्ति विशेष को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने वकील द्वारा आपत्ति पेश कर सकते है। तिथि गमन हो जाने पर आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

जारी दिनांक -04.01.2024 तहसीलदार चांद

पेशी दिनांक - 22.01.2024 जिला छिंदवाड़ा

एस.पी. और एडीएसपी ने मधुर गीतों से बांधा समां, स्मृति भवन में नववर्ष मिलन समारोह का किया गया आयोजन

# नववर्ष मिलन समारोह में पुलिस उच्च अधिकारियों ने बिखेरे जलवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



जिला पुलिस अधिक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने पुलिस मिलन समारोह में अपनी धर्मपत्नी को समर्पित करते हुए ''तुम अगर साथ देने का वादा करो मै यूं ही मस्त नगमे लुटाता रहूं '' गीत प्रस्तुत किया। इसके अलावा एस.पी. महोदय ने अपनी मधुर आवाज में '' कभी बेकसी ने मारा कभी बेबसी ने मारा'' गीत से समां बांध दिया। पांढुर्ना के एडिशनल एस.पी. नीरज सोनी ने '' तेरे जैसा यार कहां '' गीत से सभी के आकर्षित किया। पांढुर्ना के एसडीओ पुलिस राकेश पेन्ड्रो ने ''मै कोई ऐसा गीत गांऊ' गाते हुए गिटार बजाकर सभी को चकित कर दिया। कल शाम को जिला पुलिस अधिक्षक कार्यालय पांढुर्ना द्वारा लक्ष्मी स्मृति भवन में नव वर्ष मिलन समारोह बडे ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस मिलन समारोह में जिला पुलिस अधिक्षक महोदय द्वारा जिला कलेक्टर महोदय, एसडीएम पांढुर्ना, सीएमओ नगरपालिका एवं अन्य अधिकारियों तथा सौंसर, पांढुर्ना एवं ग्रामीण अंचल मीडियाकर्मियों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। समारोह में छिंदवाडा से पधारे एडिशनल एस.पी. अवधेश प्रताप सिंह ने ''दमादम मस्त कलंदर'', एसडीओ पुलिस सौंसर श्री नागर ने ''गुंजने लगे है कहने'' गीत, सदानंद भारद्वाज ने स्वरचित गीत ''वक्त है नववर्ष का'', सिमरन पिता हनुमान प्रजापति ने एक इंग्लिश गीत, शाम सुंदर आरक्षक ने ''दिल का आलम मै क्या'', श्रीकांत ने महाभारत के पात्र अश्वस्थाम पर एकांकिका तथा कृति चौधरी ने अग्रेजी में स्पीच देकर दर्शकों का दिल जीत लिया।

### अधिकारियों, नागरिकों एवं मीडिया की सराहना

जिला कलेक्टर अजय देव शर्मा ने मिलन समारोह के मंच से कहा कि पांढुना के लोग काफी मिलनसार है और वाजिब शिकायतें लेकर ही अधिकारियों तक पहुंचते है। यहां के ग्रामीण परिवेश कई सारी पुरानी प्राकृतिक यादें ताजा हो जाती है। इस क्षेत्र में भ्रमण के दौरान जब मै बैलगाडी देखता हूं तो मुझे बहुत अच्छा लगता है। जिला पुलिस अधिक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जिला नया बना है इसलिए इसके विकास और लोगों को आदत लगने में कुछ समय लगेगा। इन्होंने क्षेत्र में पहले से पदस्थ अधिकारियों की सराहना करते हुए इनके सहयोग के लिए प्रशंसा की। नववर्ष मिलन समारोह में पुलिस कर्मचारियों के परिवार भी शामिल थे।

## तिरंगा के गेंडास्वामी दीपक शिर्के परासिया पहुंचे

**परासिया :-** बालीवुड के कलाकार दीपक शिर्के आज परासिया पहुंचे। कला ज्योति आर्टस , एसश्रीएम संस्था ने उनका सम्मान किया। वीरांगना रानी उदा देवी की प्रतिमा उन्हें भेंट की गई। इस अवसर पर दीपक शिर्के ने कहा कि कोई खुश्बू किसी देश की अमानत नहीं हो सकती। वैसे ही कलाकार छुपकर नहीं रह सकता। भाग्य साथ दे तो कलाकार चमक जाता है। इससे पहले पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, एसश्रीएम के संयोजक केशव कैथवास, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश दुबे, सीपी शर्मा, विघुत ज्योति कैथवास, विरजा नंदिनी शर्मा, रजन लाल कैथवास आदि ने दीपक शिर्के का सम्मान किया। गौरतलब है , कि दीपक शिर्के तिरंगा फिल्म में प्रलयनाथ गेंडा स्वामी के किरदार से लोकप्रिय हुए थे। हिंदी और मराठी की दो सौ से ज्यादा फिल्मों में उन्होंने काम किया। आज सम्मान समारोह में प्रकाश इंडियन टाटा, गायक अशोक अकेला उपस्थित रहे। एसश्रीएम के दोस्त मोहम्मद खान, मोहन ठाकुर, हेमंत मालवीय, रवि विश्वकर्मा, विनोद मंडलोई आदि उपस्थित रहे।



# माली समाज ने सैनी शब्द हटाने राज्यपाल से की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

नगर के माली समाज के द्वारा, शुक्रवार को तहसील कार्यालय में पहुंचकर एसडीएम श्रीमती अंकिता त्रिपाठी कोमाली जाति के प्रमाण पत्र में केवल माली शब्द को लिखने एवं कोष्टक में लिखे गए सैनी शब्द को हटवाने बाबद, हस्ताक्षरित युक्त ज्ञापन ,राज्यपाल म.प्र. के नाम ज्ञापन सोपाहै। ज्ञापन के माध्यम से समाज बंधुओ के द्वारा शासन से भी इसमें जल्द से जल्द कार्रवाई कर न्याय देने की गुहार लगाई है।इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता वासुदेव बुले, सोनबाजी झाडे, विलास बुले, राजुजी गावंढे, पवन भांगे, प्रविण बुले आदि थे। इस दौरान वासुदेव बुले ने बताया किमाली जाती की सैनी शाखा,कई शाखाओं में से एक शाखा है और यह शाखा प्रमुख रूप से बहुतायत में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में होती है इसलिए यहां के माली जाती के प्रमाण पत्र में सैनी शब्द को लिखने का कोई औचित्य नहीं है।

### समस्याओं को लेकर विधायक चौरे ने लिखे कलेक्टर को पत्र

**सौसर।** शुक्रवार को सौसर विधायक विजय चौरे के द्वारा पांढुर्णा कलेक्टर को तीन मांगों को लेकर पत्र लिखा है।पत्र के माध्यम से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए विधायक विजय चौरे ने बताया सौसर विधानसभा के अंतर्गतग्राम रामाकोना आता है यहां पर लंबे समय से पुलिस चौकी खोलने की मांग की जा रही है। रामाकोना क्षेत्र के आसपास लगभग 35 ग्राम सम्मिलित है, इन क्षेत्र वासियों हेतु पुलिस थाना सौसर आता है जो कि काफी दूर है।इस क्षेत्र में एक्सिडेंट, गौ तस्करी, आदि वैद्य कार्य अधिक संख्या में होते रहते है।जिसके कारण रामाकोना तथा आसपास के कई ग्रामों के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।रामाकोना क्षेत्र वासियों के लिये रामाकोना में पुलिस चौकी खोलने ओर अतिरिक्त पुलिस बल आवश्यकता है। यहां पर पुलिस पुलिस चौकी खुलनी चाहिए।इसके अलावा थाना मोहगांव हवेली को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौसर के अधिन कराने सम्बन्ध करने में श्री चौरे ने बताया कि मोहगांव से पादुर्गा की दुरी लगभग 40 कि.मी. है।

# गर्भवती महिलाएं हो रही सीजर के लिए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



सौसर अस्पताल को यहां के कर्मचारियों ने क्यों रेफर केंद्र बना कर रखा है।गर्भवती महिलाओं के सीजर और छोटी बीमारी के लिए भी यहां पर आने वाले मरीजों को निजी नर्सिंग होम एवं छिंदवाड़ा क्यों रेफर किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ क्यों जानबूझकर भोले भाले लोगों को निजी नर्सिंग होम या छिंदवाड़ा इलाज करने के लिए रेफर कर रहे हैं। रेफर का यह खेल कौन से कर्मचारी की मिली भगत से चल रहा है। जब सौसर में इतना बड़ा दवाखाना है तो प्राइवेट अस्पताल में भेजने का मतलब क्या है।जो लोग जानबूझकर प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को भेज रहै है ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। उपरोक्त उदद्गार शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौसर में आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक में तल्ख अंदाज में विधायक विजय चौरे ने व्यक्त किये है। इस दौरान विधायक चौरे का साफ कहना था की हर दिन सौसर अस्पताल में फैली हुई अव्यवस्थाओं ओर इलाज के लिए मेरे पास चार से पांच शिकायतें आती है। मरीज को अस्पताल से बेहतर सुविधाएं एवं सीजर महिला चिकित्सक की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। रोगी कल्याण समिति की बैठक में समिति की ओर से 35 प्रस्ताव को रखा गया।बैठक में प्रमुख रूप से सौसर एसडीएम श्रीमती अंकित त्रिपाठी सौसर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ एन शास्त्री,स्वास्थ्य समिति सभापति भारती हेड़ाऊ, श्यामराव धवले आदि थे। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ एन के शास्त्री ने गत संपन्न बैठक की गतिविधियों पर चर्चा कर निर्धारित एजेंडे पर प्रकाश डाला। इसके अलावा मरीजों के स्वाथ्य लाभ पहुंचाने एवम आवश्यक स्टाफ, संसाधनों की पूर्ति के प्रस्ताव पास किए गए। जिसमे अस्पताल परिसर से मेन रोड तक सड़क चौड़ीकरण, नाली निर्माण, रिटर्निंग वाल निर्माण, ड्रेनेज सुधार, पोस्टमार्टम रूम पहुंच मार्ग निर्माण, बारिश का पानी जमा होने पर उपयोग किए जाने हेतु भूमिगत टैंक निर्माण, एनबीएसयू विभाग में अतिरिक्त कमरा निर्माण शामिल है।

## बैलेट पेपर पर हो चुनाव भारत मुक्ति मोर्चा ने लगाई गुहार

**सौसर।** भारत मुक्ति मोर्चा संगठन की ओर से शुक्रवार ईहीएम के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन को लेकर राष्ट्रपति राज्यपाल के नाम शुक्रवार को ज्ञापन सोपा गया है।ज्ञापन में जी एम दुफारे,विजय घाटोड,डॉ राहुल वाहने,हिरामन विश्वकर्मा,प्रदीप नरेंद्र गजभिए अकील काजी, मोहम्मद सादिक शेख, अरुण आहाके, प्रमोद सोमकुँवर,नागराज वाहने,भीमराव बागडे, ने बताया भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के आहाँन पर भारत मुक्ति मोर्चा के द्वारा से ईहीएम के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन के तहत ईहीएम,हटाओ बैलेट पेपर से चुनाव लाओ और लोकतंत्र बचाओ' अभियान के अंतर्गत भारत के 567 जिलों के मुख्यालयों पर भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा भारत का लोकतंत्र बचाने के लिए, चरणबद्ध आंदोलन आयोजित किये जा रहे है। भारत की सर्वोच्च न्यायपालिका ने 8 अक्टूबर 2013 को एक ऐतिहासिक जजमेंट देकर केवल आईहिएम मशीन से मुक्त निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव नहीं हो सकता है।

### बरघाट में 7 जनवरी को होगी ब्रासंस बैठक

**कटंगी।** ब्रॉडगेज संघर्ष समिति की रेल समस्याओं और नई रेल परिचालन की मांग को लेकर आगामी दिनों में बरघाट जिला सिवनी में बैठक करने जा रही है. इस संबंध में ब्रासंस अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया गया कि ब्रांडगेज संघर्ष समिति द्वारा लगातार आंदोलनों की सफलता के क्रम में एक विशाल बैठक का आयोजन बरघाट (सिवनी) में पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोड़यि और जिला पंचायत अध्यक्ष बालाघाट सम्राटसिंह सरसवार की प्रमुख उपस्थिति में होना तय किया गया है. बैठक ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैंस की अध्यक्षता और राष्ट्रीय महासचिव अनूप मिश्रा भी मौजूद रहेंगे. महाकौशल के सभी जिलों के ब्रॉडगेज संघर्ष समिति के पदाधिकारियों से बैठक में पहुंचने की अपील की गई है. जिसमें सिवनी, बरघाट, कटंगी नई रेल लाइन, डबल रेल लाइन और स्टेशन परिसरों की अव्यवस्थाओं पर तथा सुविधाओं के सन्दर्भ में ब्रांडगेज संघर्ष समिति द्वारा मांगां को रखने के सम्बंध में चर्चा की जाएगी. बैठक में बालाघाट, सिवनी, जबलपुर, मण्डला, घंसौर, नागपुर, गोंदिया, वारासिवनी, चौरई, नैनपुर, छिन्दवाड़ा, वारासिवनी, तिरोड़ी, कटंगी के पदाधिकारियों से पहुंचने की अपील की गई है।



करीब 2 माह से सरकारी दफ्तर के चक्कर काट रहा आवेदक

# खर्चा पानी देने के बाद नहीं बना जन्म प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

माता-पिता की भूल के चलते जन्म के बाद जन्म प्रमाण पत्र ना बनाने की भूल का नतीजा आज एक 85 वर्षीय शख्स को सरकारी दफ्तर के चक्कर काटकर भुगतना पड़ रहा है. वहीं सरकारी दफ्तर में बैठा बाबू आवेदक से प्रमाण पत्र बनाने के एवज में पैसों की मांग रहा है. जिससे आवेदक पूरी तरह से हताश हो गया है. सरकारी सिस्टम के आगे लाचार बन चुके इस शख्स ने मीडिया को अपनी व्यथा सुनाई है. पूरा मामला कटंगी तहसील के ग्राम लोहमारा के एक ग्रामीण के जन्म प्रमाण पत्र से जुड़ा है जिसे पाने के लिए वह करीब 02 माह से सरकारी दफ्तर के चक्कर काट रहा है. वकील के जरिए बाबू को खर्चा पानी (पैसे) देने के बाद भी उसे प्रमाण पत्र नहीं मिल पा रहा है. आवेदक ताराचंद देवाहे ने बताया कि उनका जन्म 15 जुलाई 1966 को हुआ किन्तु परिजनों ने अज्ञानतावश उस वक्त जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया अब आवश्यक कार्य के चलते 58 साल की उम्र में प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ी तो तमाम कागजी प्रक्रियाओं और दस्तावेजों के साथ प्रमाण पत्र के लिए बनवाने के लिए लोक सेवा केन्द्र में आवेदन किया तो जांच उपरांत आवेदन को अधिकारी ने निरस्त कर दिया. जिसके बाद पुनः एसडीएम के पास अपील की गई. इस बीच नायब तहसीलदार कार्यालय के बाबू ने आवेदक से पैसों की डिमांड की तो आवेदक ने एक वकील के जरिए बाबू को खर्चा पानी भी दे दिया किन्तु इसके बाद भी प्रमाण पत्र नहीं मिला और अब बाबू और अधिक पैसों की मांग करते हुए परेशान कर रहा है ऐसा वकील ने आवेदक को बताया है।



जनता से कामों के बदले रिश्वतखोरी को कम करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश की जनता को समय-सीमा में सरकारी सेवाओं का लाभ देने के लिए लोक सेवा केन्द्रों की हर तहसील में शुरुआत की थी. यहां पर आवेदक आवेदन कर समय सीमा में अपना काम करवा रहे है. मगर, जिन आवेदकों के आवेदन लोक सेवा केंद्र में लगने के बाद किसी भी कारण से निरस्त हो रहे है और आवेदक पुनः अपील कर रहे है ऐसे आवेदकों से बाबूओं के द्वारा रिश्वत मांगें जाने की शिकायत लगातार मिल रही है. दरअसल, लोक सेवा केन्द्र में आवेदन लगने के बाद कई बार कुछ आवेदकों के आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारी समय अवधि बीतने पर सीधे निरस्त कर देते है. इस बीच जब आवेदक समय अवधि बीतने पर अपने आवेदन की प्रक्रिया को जानने के लिए लोक सेवा केन्द्र पहुंचता है तो उसे बताया जाता है कि आवेदन निरस्त हो गया है. चौकानें वाली बात तो यह है कि लोक सेवा केन्द्र में मौजूद कर्मचारियों को भी इस बात की जानकारी नहीं होती कि आवेदन निरस्त क्यों किया गया ऐसे में वह भी आवेदक को कोई ठोस जानकारी नहीं दे पाते और अपील करने की सलाह देते है और जब आवेदक अपील करता है तो कार्यालयों में बाबू उस काम के पैसे मांगते है।

# अखिल भारतीय गढ़वाल समाज मंडल लांजी का हुआ गठन

### चंद्रकांत वंशपाल बनाये गये लांजी मंडल के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज लांजी।



नगर के लांजी बालाघाट मार्ग पर स्थित आनंदी रेस्टारेंट में आज 5 जनवरी को अखिल भारतीय गढ़वाल समाज लांजी के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से लांजी निवासी चंद्रकांत वंशपाल को सर्वसम्मति से अखिल भारतीय गढ़वाल महासभा लांजी मंडल का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसके अलावा सामाजिक गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसके पश्चात लांजी मंडल की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया जिसमें 5 पुरूष सदस्यों एवं दो महिलाओं को शामिल किया। जिसमें नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष के रूप में चंद्रकांत वंशपाल को सर्वसम्मति से चुना गया वहीं उपाध्यक्ष दिनेश वराड़े, श्रीमती अनिता नागेश्वर, कोषाध्यक्ष शुभम नागेश्वर, सचिव राजेश सिल्हारे, सहसचिव श्रीमती ललिना नागेश्वर, योगेश चंद्रवंशी एवं को निर्वाचित किया गया। इस दौरान अखिल भारतीय गढ़वाल समाज लांजी-किरनापुर के क्षेत्रिय अध्यक्ष जागेश्वर चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पप्पूलाल गोयल, बंटी अर्जुनवार, सचिव विनोद बनवाले उपस्थित रहे। लांजी मंडल का अध्यक्ष चुने जाने के बाद चंद्रकांत वंशपाल ने चर्चा के दौरान बताया की गढ़वाल समाज द्वारा प्रत्येक 5 वर्ष में मंडल चुनाव संपन्न कराये जाते है जिसमें समाज के 18 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लोगों को बैठक में बुलाया जाता है तथा मंडल अध्यक्ष की नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाती है चूंकि इस वर्ष समाज से किसी भी व्यक्ति द्वारा नांमाकन दाखिल नहीं किया गया था जिसके बाद समाज के वरिष्ठजनों द्वारा मुझे सर्वसम्मति से गढ़वाल समाज लांजी मंडल का अध्यक्ष चुना गया है। श्री वंशपाल ने कहा की अध्यक्ष बनने के बाद उनकी पहली प्राथमिकता समाज को एकता के सूत्र में पिरोकर समाजिक गतिविधियों को क्षेत्र में बढ़ावा देना है तथा समाज के युवाओं के लिये शिक्षा तथा रोजगार के अवसर ढूंढना रहेगा। अवसर पर गढ़वाल समाज लांजी से सुरेश नागेश्वर, अनिल गोयल, सुमित गोयल, दीपक स्वामी, मदन नागेश, अनूप सिल्हारे, सुरेंद्र नागेश्वर, बंटी नागेश्वर, शुभम नागेश्वर, इंद्रकांत बंशपाल, योगी चंद्रवंशी, सुरेंद्र पांडे, दिनेश वराड़े, श्रीमती सरिता बंशपाल, श्रीमती सरिता स्वामी, श्रीमती योगेश्वरी सिल्हारे, श्रीमती कांति सिल्हारे, श्रीमती सोनम स्वामी, श्रीमती अंजुलता सिहोले, श्रीमती ललिता नागेश्वर, श्रीमती निशा बंशपाल, श्रीमती श्वेता बंशपाल सहित सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# धान उपार्जन केंद्र में रखे धान का परिवहन न होने से प्रभावित हो रही खरीदी



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** तहसील मुख्यालय में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 28 नवंबर से प्रारंभ हुई है। कलेक्टर डॉक्टर गिरीश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समर्थन मूल्य पर खरीदी के कार्यों और व्यवस्थाओं की समीक्षा ली है। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन के बाद किसानों को राशि का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में ही किया जाना है। प्रशासन की कसावट का केंद्र प्रभारी पर नहीं पड़ा असरः- ऐसे में धान उपार्जन केदो में किसानों को धान रखने में मैदान तक खाली नहीं मिल रहा है ।उपार्जित धान का परिवहन ना होने के कारण किसानों को मैदान खाली नहीं मिल रहा है ।विधानसभा क्षेत्र किरनापुर -लांजी में जितने भी धान उपार्जित खरीदी केंद्र है। उनमें किसानों का धान अधिकतर तुलाकर बोरों में सिल कर रखा हुआ है। क्षेत्र में धान उपार्जन का काम अंतिम चरण में है ,लेकिन उपार्जन केदो में खरीदे गए धान का परिवार नहीं होने से कई उपार्जित केदो में पाव रखने के लिए भी जगह नहीं है बचा है, धान का परिवहन नहीं होने से जहां समिति प्रबंधक परेशान है वहीं धान के रखरखाव और सुरक्षा को लेकर भी उन्हें चिंता सता रही है ,प्रशासनिक तौर पर धान के परिवहन को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जाने से व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। कई धन उपार्जित केंद्र का निरीक्षण करने पर देखा गया कि किसान बोरे में लाए हुए धान को नीचे न रखकर समिति के द्धारा दिए हुए बोरे में उड़ेल दिया जाता है। जिससे बारदाना में धान के साथ-साथ बद्रा भी भर दिया जाता है ।तथा तौल में भी 41 किलो तौला जा रहा है। धान उपार्जन केंद्र में कृषकों के लिए पानी व बैठने की कोई सुविधा नहीं है ।कृषकों द्वारा लाया हुआ धान को स्वयं बोरे में उड़ेला तथा तौला जा रहा है जबकि शासन द्वारा धान उपार्जन केंद्र के लिए राशि दी जाती है। इन कार्यों के लिए मजदूर लगाना चाहिए। किसानों के द्वारा ही कार्य करवा कर राशि की अफरा- आपरी कर रहे हैं।

विभिन्न खेलों में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# 3 दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सरस्वती शिशु मंदिर एवं केशव इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल वारासिवनी का 3 दिवसीय सामूहिक खेल महोत्सव स्थानीय रानी अवंतीबाई स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बालाघाट, बैहर व बिछिया के पूर्व प्रचारक तथा वर्तमान ग्राम विकास प्रांत संयोजक जबलपुर नैनसुख जी के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

विद्यालय की परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि श्री नैनसुख का स्वागत घोष प्रस्तुति के साथ किया गया। तदोपरांत उन्होंने मां सरस्वती के छायाचित्र व भारत के महान खिलाड़ी हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप ज्योति प्रज्जवलित की। नैनसुख जी ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को जीवन में खेलों के महत्व को समझाते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय समिति सचिव संजय मांधाता ने विद्यार्थियों को प्रेरणास्पद संबोधन दिया। इस खेल महोत्सव में नर्सरी से कक्षा पहली तक बास्केट दौड़, साधारण दौड़, गुब्बारा दौड़ शामिल थे। कक्षा दूसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए बोरा दौड़ और चम्मच गोली दौड़, कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक खो-खो कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरे दिवस में गोला फेक, तवा फेक, ऊंची कूद, लंबी कूद, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर व रिले रेस दौड़ का आयोजन रानी अवंतीबाई स्टेडियम में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक चौधरी एसडीओपी वारासिवनी उपस्थित रहे। श्री चौधरी ने दीप प्रज्जवलन कर भारत माता के पूजन के साथ मेजर ध्यानचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण करने के बाद जीवन में खेलों के महत्व को समझाते हुए अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात 100 मीटर दौड़ का सीटी बजाकर शुभारंभ किया।

## पौनियां में निशुल्क आरोग्य स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तिरोड़ी तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पौनियां में मैंगनीज माइंस ऑफ मेसर्स सुखदेव प्रसाद गोयनका की ओर से खदान परिसर में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करवाया गया. जहां परीक्षण के बाद दवा वितरण की गई. शिविर में पौनियां, चौखंडी और चिकमारा सहित आस-पास के अन्य गांवों से आए 300 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई. निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की संयोजिका खदान मालिक श्रीमती गुंजन गोयनका ने कहा कि गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है. यह प्रेरणा हमें अपने बड़े बुजुर्गों से मिली है. पौनियां सहित आस-पास के अन्य गांव हमारा परिवार है हमारा दायित्व है कि हम उन्हें रोजगार के साथ उनकी सेहत भी ठीक रहे इस बात का ख्याल रखें. उन्हीं की वजह से हमारी रोजी-रोटी चल रही है. उन्होंने कहा गांवों में कई बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया और मरीजों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया. यह क्रम आगे भी चलते रहेगा. शिविर में ग्राम पंचायत चौखंडी उप सरपंच मोनिका अमोल गौतम, खदान प्रबंधक नागेन्द्र पाठक, शैलेन्द्र उर्फ बालू पटले, मुकेश चौकसे, अवलेश पारधी सहित तमाम प्रमुख लोग मौजूद रहे।



मनरेगा कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# निम्न स्तर के प्रदर्शन वाली पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायक पर 1000 का अर्थ दण्ड लगाने के दिये निर्देश

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी नवजीवन विजय के निर्देशानुसार जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



बैठक में पोस्ट आफिस सिवनी प्रबंधक निखिल कुम्हारे, परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत सिवनी राहुल सक्सेना, लेखाधिकारी नीलेश जैन, सीनीयर डाटा मैनेजर जितेन्द्र भलावी एवं समस्त जनपद पंचायत एपीओ, सहायक लेखाधिकारी एवं उपयंत्री की उपस्थिति रही। बैठक में मनरेगा योजना अंतर्गत लेबर बजट पूर्ति एवं ए.बी.पी.एस की समीक्षा के दौरान सभी जनपदों की न्यूनतम प्रगति वाली 20 पंचायतों के उपयंत्री, सचिव, रोजगार सहायकों से योजना अंतर्गत अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिले की सभी पंचायतों को 43 दिवस की कार्ययोजना अंतर्गत 150 लेबर प्रति दिवस अनिवार्यतः संलग्न करने के निर्देश दिये गये तथा एबीपीएस में निम्मस्तर के प्रर्दशन वाली पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायक पर मनरेगा अधिनियम की धारा -25 के तहत 1000/- रूपये का अर्थ दण्ड लगाने के निर्देश दिये गये।

# सिवनी प्रीमियर लीग फाइनल मैच की वजह से शहर की यातायात चरमराई, जिम्मेदार मौन

**हरिभूमि न्यूज़ सिवनी।** गौरतलब हो कि मिशन स्कूल ग्राउंड गांधी भवन में हर वर्ष बहुत बड़े पैमाने में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शहर के नामचीन नागरिकों के द्वारा करवाया जाता है ये बहुत अच्छी बात है शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को ये नामचीन लोग एक बेहतरीन मंच देने का कार्य करते हैं परंतु इस आयोजन के दौरान इतनी भीड़ हो जाती है कि जिसका समावेश मिशन स्कूल ग्राउंड में नहीं हो पाता और अत्यधिक भीड़ क्रिकेट मैच देखने आता है जिससे यातायात व्यवस्था शहर की गड़बड़ हो जाती है हम आपको बता दें कि गांधी भवन सिवनी शहर का हृदय स्थल है इसी गांधी भवन मार्ग होते हुए ही ग्रामीण अंचल का व्यक्ति कचहरी अस्पताल एवं सभी जरूरी कार्य हेतु अपने गंतव्य की यात्रा पूर्ण करता है कल दिनांक 5 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार को इस आयोजन का फाइनल मैच था बरघाट भोमा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली आम




जनता को कल शहर के यातायात कर्मियों के द्वारा गणेश चौक से वापस कर दिया गया ये कहते हुए की मिशन स्कूल ग्राउंड में फाइनल मैच का आयोजन है जबकि ये कोई विशेष कारण नहीं था ट्रैफिक व्यवस्था की गति को परिवर्तित करने का और मंडला से सिवनी एवं बालाघाट से सिवनी मार्ग को बिना किसी ठोस कारण के बाधित करना नियम विरुद्ध है अब इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा क्या आयोजन समिति पर प्रशासन किसी तरह की प्रशासनिक कार्रवाई करेगी या फिर यह तो खबर प्रकाशन के बाद देखा जाएगा कि प्रशासन आयोजन समिति पर किस तरह की कार्यवाही करेगी। हमें किसी खेल प्रेमी या आयोजन समिति से कोई समस्या नहीं है हम उनकी भावनाओं का सम्मान करते हैं चुकी उक्त मार्ग से शासकीय चिकित्सालय एवं न्यायालय सभी आवश्यक शासकीय ऑफिस कार्यालय जाने के लिए एकमात्र मार्ग है जिस पर जाम लगने से शहर का यातायात प्रभावित होता है तथा जिसे आम जनता को काफी परेशानियां उठानी पड़ी।

हालांकि तत्काल इसकी सूचना यातायात प्रभारी बृजेश सिंह उइके कलेक्टर क्षितिज सिंगल पुलिस अधीक्षक महोदय राकेश सिंह सहित तमाम आला जवाबदार अधिकारियों को हरिभूमि के माध्यम से सूचित कर दिया गया था आम जनता की आवाज को प्रशासन तक पहुंचने में हरिभूमि सदैव ही तात्पर्य साबित हुआ है।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक रविशंकर का निधन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छात्रवास अधिक्षक मोहबर्रा का आज दिन के तीन बजे नागपुर हास्पिटल में देहान्त हो गया है जिनके पार्थिव शरीर को नागपुर से इनके गृहग्राम जेवनारा उगली जेवनारा में लाया जा रहा है जिनका अन्तिम संस्कार कल दोपहर में किया जायेगा। रविशंकर तुलसीकर विधानसभा चुनाव के पुर्व से बिमार थे एवं नागपुर हास्पिटल में इलाज करा रहे थे। ये चार बहन दो भाई में सबसे छोटे थे, इनके परिवार में इनके माता-पिता, पत्नि, भाभी, इनकी दो लड़कियां एवम् भाई का एक लड़का है, इनके निर्धन से पुरे गांव एवम् आसपास के गांवों मेंशोक व्याप्त है प्रकृति इनके परिवार को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

# जन समुदाय को शीत लहर (शीतघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवायजरी जारी

**भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी अनुमान के अनुसार शीतकालीन मौसम में प्रदेश के अधिकांश भागों में सामान्य से न्यूनतम तापमान होने की संभावना है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



अतः जिला प्राधिकरणों तथा संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित शीत लहर (शीतघात) के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुये इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जायें। इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला शीत लहर (शीतघात) कार्य योजना तैयार की जाये। प्रत्येक स्तर (जिला, तहसील, ब्लॉक, विभाग) पर शीत लहर प्रबंधन के लिये एक नोडल अधिकारी नामांकित किया जाये। भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा जारी शीत लहर चेतावनी को जिला कमांड और नियंत्रण केंन्द्र के माध्यम से जन सामान्य तथा संबंधित विभागों तक पहुँचाने के लिये आवश्यक व्यवस्था की जाये।

शीत लहर से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबन्धित सुझाव का प्रचार प्रसार होर्डिंग तथा प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क, एफएम, सामुदायिक रेडियो से किए जाने की व्यवस्था की जाये। बेघर/प्रभावित लोगों को आश्रय गृहों में स्थानांतरित किया जाये। बेसहारा एवं बेघर व्यक्ति सड़क /मैदान में पाये जाने पर अलाव की व्यवस्था की जाये। स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से कम्बलों की व्यवस्था कर उन्हें वितरित किया जाये। स्कूल तथा शैक्षणिक संस्थाओं का कार्य समय, भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा शीत लहर से संबन्धित दी गई चेतावनी अनुसार आवश्यकतानुसार एवं विधिवत स्कूल खुलने के समय में परिवर्तन करने हेतु आवश्यक आदेश जारी किए जायें। जिले में स्थित सभी शासकीय अस्पतालों में शीत लहर प्रभावितों के उपचार के लिये विशिष्ट कार्य योजना बनाई जाये।

### शीतलहर से पहले क्या करें

सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी जरूरी सामान तैयार रखें।

### शीतलहर के दौरान क्या करें

जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें - यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

# पीजी कालेज में बनाये जा रहे हैं आभा कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशन में उमंग उच्च शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में डिजिटल हेल्थ कार्ड समस्त महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के लिए बनाए जा रहे हैं उक्त जानकारी उमंग उच्च शिक्षा अभियान के नोडल अधिकारी के सी राउर ने दी उन्होंने बताया की दिनांक 5 व 6 जनवरी को पीजी कॉलेज सिवनी के ऑडिटोरियम हाल में 11:00 बजे से 5:00 बजे तक समस्त महाविद्यालय छात्र-छात्राओं के लिए व अधिकारियों कर्मचारियों के लिए आभा कार्ड बनाए जा रहे हैं आभा आईडी कार्ड बनाने के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता होती है और विद्यार्थियों के लिए बहुत आवश्यक है। इस आयोजन में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रवि शंकर नाग एनसीसी ऑफिसर पवन वासनिक एनएसएस ऑफिसर गणेश मांतरे व समस्त महाविद्यालय अधिकारियों की सहभागिता रही है साथ इस केम्प में जिला सामुदायिक स्वास्थ अधिकारी डॉ जयपाल सिंह के निर्देशन में डॉ सनोडिया के सहयोग से 25 सदस्य दल महाविद्यालय में आभा कार्ड बनाने के लिए कार्यरत हैं जिन्हें भी अपने आधार कार्ड बनवाने हैं वह 11:00 बजे से 5:00 बजे तक पीजी कॉलेज सिवनी के आउटडोरियां हॉल में अपने आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर आभा कार्ड बना सकते हैं।

### युवा दिवस के अवसर पर शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस युवा दिवस के अवसर पर जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं में जिलास्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।




# 30 वर्षीय युवक का शव खून से लथपथ मिला

**जिले के छपारा थाना अंतर्गत खैरनरा गांव के बाहरी क्षेत्र की पहाड़ी पर 30 वर्षीय युवक का खून से लथपथ शव पुलिस को मिला है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पत्थर से सिर कुचल कर हत्या का अंदेशा, जांच में जुटी पुलिस



ग्रामीणों की सूचना पर छपारा पुलिस बल मौके पर पहुंचा और मृतक के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया युवक की पत्थर व अन्य किसी भारी वस्तु से सिर कुचलकर हत्या का अंदेशा है। घटनास्थल पर हत्या से जुड़े साक्ष्य एकत्रित करने मौके पर एफएसएल दल को शुक्रवार सुबह मौके पर बुलाया गया है।

लखनादौन एसडीओपी अपूर्व भलावी ने बताया कि मृतक की पहचान धर्मेन्द्र उइके (30) अमरवाड़ा थाना क्षेत्र के घुघरलाकला गांव का रहवासी है। स्वजनों के मुताबिक दोपहर तक मृतक से उनकी मोबाइल पर बात हुई थी। वह सिवनी के खैरनरा गांव किस कार्य से आया इसकी जानकारी एकत्रित की जा रही है। शाम करीब 6.30 बजे ग्रामीणों ने मृतक का शव देखकर इसकी जानकारी छपारा पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल के साक्ष्य जुटा रही हैं।



# कलेक्टर श्री सिंघल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत डुंगरिया एवं सुआखेड़ा में आयोजित हुए शिविरों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

/ केन्द्र एवं प्रदेश शासन द्वारा शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित करने के उद्देश्य सम्पूर्ण जिले में ग्रामपंचायतवार विकसित भारत संकल्प यात्रा संचालित है। इसी परिपेक्ष्य में कलेक्टर क्षितिज सिंघल द्वारा शुक्रवार 05 जनवरी को विकासखण्ड लखनादौन की ग्राम पंचायत डुंगरिया एवं विकासखण्ड छपारा की ग्राम पंचायत सुआखेड़ा में आयोजित हुए शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंघल ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संकल्प यात्रा के उद्देश्य से अवगत कराया। उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों से ग्रामीण को उनकी पात्रतानुसार योजनाओं से लाभांवित करने के निर्देश दिए साथ ही कलेक्टर श्री सिंघल ने उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्पना तहत भारत देश को आत्म निर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई।

# पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल सादक सिवनी के बच्चों ने किया एक्सपोजर विजिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शीतकालीन अवकाश के आखिरी 4/1/2024 को पीएम एकीकृत शासकीय हाई स्कूल सादक सिवनी के बच्चों को एक्सपोजर विजिट कराया गया । समग्र शिक्षा सेकेंडरी एजुकेशन लोक शिक्षण संचनालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा छठवीं से 10 तक के विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता विकास एवं प्रौद्योगिकी की समझ विकसित करने हेतू छात्र-छात्राओं को एक्सपोजर विजिट के अंतर्गत छिंदवाड़ा ले जाया गया जहां पर एफ डी डी आई ,आदिवासी संग्रहालय छिंदवाड़ा ले जाया गया जहां बच्चे एफडीआई में डिजाइनिंग जूता डिजाइनिंग सभी प्रकार के क्राफ्ट लेदर सिलाई इत्यादि चीजों को ध्यान से देखा एवं समझा। बच्चे 12वीं के बाद अपना करियर डिजाइनिंग के क्षेत्र में किस प्रकार बना सकते हैं इसे बहुत बारीकी से समझाया गया।



इसके साथ ही बच्चे आदिवासी संग्रहालय छिंदवाड़ा का भी भ्रमण किया। जिसमें आदिवासी लोक नृत्य,उनका पहनावा,हथियार और बहुत से सांस्कृतिक धरोहरों से बच्चे परिचित हुए। इस ऐतिहासिक विरासत के बारे में उन्हें समझाया गया। बच्चे पातालकोट की भी जनजातीय जीवन शैली को समझ पाए। पूरे भ्रमण के दौरान बच्चों का उत्साह और जोश अत्यधिक था। इस विजिट के दौरान बच्चों ने भोजन साझा करना आपसी सहयोग बढ़ाना जैसे जीवन मूल्यों को भी बहुत सहजता से समझा। इस संपूर्ण विजिट में संस्था की प्राचार्य श्रीमती रश्मि नामदेव बच्चों को सभी मुख्य स्थल की जानकारी देती रही, साथ में संस्था के उच्च माध्यमिक शिक्षक अजय कुमार रजक, श्रीमती आभा इनवाती, श्रीमती आरती गंगाप्रसाद राहंगडाले श्रीमती सरिता मालवीय, श्रीमती मंजू यादव, संस्था के अतिथि शिक्षक श्री रामकुमार यादव रोहित जैन एवं पावेंद्र कुमार सकतपुर का पूरा सहयोग रहा।

### कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन 12 जनवरी को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने बताया कि महानिदेशक विदेश व्यापार भारत सरकार इंदौर द्वारा जिले में निर्यात को बढावा देने के उद्देश्य से जिला निर्यात हब पहल के तहत 12 जनवरी 2024 को कैपिसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन सांई रेसिडेंसी पॉवर ग्रिड के समीप जबलपुर रोड सिवनी में किया गया है।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग सिवनी ने जिले के समस्त उद्योगपति तथा कृषक उत्पाद संघ जो अपने उत्पाद को निर्यात करना चाहते हैं, से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की है। उक्त संबंध में अधिक जानकारी के लिये जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सिवनी से संपर्क किया जा सकता है।

# अदनशा ग्राम रोजगार सहायक जितेन्द्र राहंगडाले कर रहा था नेतागिरी, हुआ बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले की बरघाट जनपद अध्यक्ष श्रीमती आभा राहंगडाले के पति जितेन्द्र रिंकू राहंगडाले जो कि ग्राम पंचायत जेवनारा में ग्राम रोजगार सहायक पद पर रहते हुए शासन को गुमराह कर रहा था शासकीय अवकाश के नाम से एक साल से नौकरी से अनुपस्थित रहकर कर रहा था नेतागिरी। पूर्व जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जागेश्वर थैपे की कार्य प्रणाली पर उठ रहा है प्रश्न चीन्ह क्या इस अवधि में वेतन भुगतान हुआ अथवा अवकाश का पत्र परिवर्तित किया गया क्योंकि उक्त व्यक्ति त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव के 6 महीने पूर्व से अपनी नौकरी से अनुपस्थित रहकर कर रहा था नेतागिरी फिर कैसे हुआ 1 वर्ष तक वेतन का भुगतान प्रमाण शासकीय नौकरी से नदारत होने के हैं प्रमाण इसकी होनी चाहिए विस्तृत जांच के घेरे में आ सकते हैं जागेश्वर थेपे, मुख्यमंत्री कन्या



विवाह में भी इन्होंने साथ मिलकर किया भारी भ्रष्टाचार जितेन्द्र लगभग एक वर्ष से शासकीय कर्मचारियों सचिवों , सरपंचों , ठेकेदारों से अवैध वसुली करता रहता हे एवं अधिकारियों को राजनेतिक दवाब बनाकर अपने रिश्तेदारों और परिचितों को जबरस्ती निर्माण कार्य दिलवा देता हे घटिया निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन होते हे पत्नी के पद का दुरुपयोग करता रहता हे निरंतर शिकायतो के बाद जितेन्द्र को बर्खास्त किया गया हे

6 जनवरी को नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए चलेगा विशेष अभियान

# मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अंतर्गत 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 की गतिविधियां 6 जनवरी से शुरू हो रही है।**

**हरिभूमि न्यूज:सिवनी।** विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की गतिविधियों के अंतर्गत 6 जनवरी को मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी और उन्हें मतदाता सूची के प्रारूप की सीडी उपलब्ध कराई जाएगी। 6 जनवरी को ही मतदान केंद्र और जिला स्तर पर मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। प्रदेश के समस्त बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थिति रहेंगे। 6 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक कार्य दिवस में बीएलओ अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं का नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के लिए आवेदन लेंगे। इस संबंध में सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

### 13 एवं 20 जनवरी को लगेंगे विशेष शिविर

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 जनवरी एवं 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। इस दौरान समस्त बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करेंगे और मतदाता सूची का वाचन कर फॉर्म 6, 7 और 8 का आवेदन प्राप्त करेंगे।

### 22 जनवरी तक लिए जाएंगे आवेदन

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, वोटर लिस्ट में संशोधन, दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं के नाम हटाने के आवेदन लिए जाएंगे। जो युवा 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं वे भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकेंगे। इसके साथ ही 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन की सुविधा प्रदान की गई है। ऑनलाइन आवेदन **Voter Helpline App** और **voters.eci.gov.in** इन के माध्यम से किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# गणेशगंज सरपंच का चुनाव हुआ निरस्त

**ग्राम पंचायत गणेशगंज की सरपंच श्रीमती राजकुमारी सैयाम को हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। जिसके बाद सरपंच चुनाव निरस्त हो गया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गनेशगंज ।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं दण्डाधिकारी के पत्र क्रमांक 912/स्टेनो पं.प्रको./2023 दिनांक 31/05/2023 के साथ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लखनादौन के पत्र क्रमांक 123/ शिकायत/ ज.प./2023 दिनांक 26/05/2023 सलग्न प्राप्त हुआ था जिसके अनुसार ग्राम पंचायत गणेशगंज में अनियमितता संबंधी प्राप्त शिकायत की जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें श्रीमती राजकुमारी सैयाम सरपंच एवं सचिव द्वारा अनियमितताएं बरतना पाया गया था।

जिसके बाद म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40 के तहत प्रकरण क्रमांक 15/2023- 24 पंजीबद्ध किया जाकर श्रीमती राजकुमारी सैयाम सरपंच एवं को कार्यपालन अधिकारी पवार नवजीवन विजय द्वारा आदेशित करते हुए मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 40(1) के तहत सरपंच पद से पृथक किया गया। जिसके बाद सरपंच ने जबलपुर हाईकोर्ट में उपरोक्त की गई।

### कार्यवाही को ठहराया गलत

एडवोकेट उमाशंकर तिवारी के कुशल नेतृत्व के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष कुछ दस्तावेज प्रस्तुत किए सीईओ द्वारा की गई कार्यवाही को ग़लत ठहराते हुए में आदेश जारी किया गया आदेश जारी होते ही सरपंच समर्थ को द्वारा फटाके फोड़कर खुशी मनाई गई वहीं सरपंच श्रीमती द्वारा घर घर जाकर लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

5 जनवरी को चुनाव होना निश्चित होने के कारण पीठासीन अधिकारी सहित अन्य चुनाव स्थल पहुंच गए थे वहीं पृथक हुई सरपंच मिलते ही लखनादौन एसडीएम चुनाव स्थल पहुकर पीठासीन सहित अन्य अधिकारियों को सूचना दी गई उसके उपरांत पीठासीन अधिकारियों सहित अन्य अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किए।

## खबर संक्षेप

### बकाया कर जमा नहीं किया तो नाम सार्वजनिक होंगे, फ्लैक्स, होर्डिंग या बैनर के माध्यम से प्रसारित होंगे नाम

**बालाघाट।** नगर पालिका बालाघाट द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि बकाया करदाता नपा कार्यालय में बकाया राशि जमा नही करते है तो उनके नाम सार्वजनिक किया जाएंगे। भवन, भूमि, नपा दुकानों में व्यवसाय करने वाले बकाया करदाताओं पर अधिरोपित संपत्तिकर, समेकितकर, शिक्षा उपकर,नगरीय विकास उपकर और दुकान किराया की राशि बकाया है। कर जमा नही करने से कई विकास कार्यो सहित नपा के कर्मचारियों व श्रमिको के वेतन व हितलाभ का भुगतान नही हो पा रहा है। अगर कर जमा नही किया तो उनके नाम समाचार पत्रों के अलावा होर्डिंग्स, फ्लैक्स व बैंनर के माध्यम से सार्वजनिक किया जायेगे। ऐसे प्रकाशन की कार्यवाही प्रथम चरण में 1 लाख रुपये से अधिक वाले बकाया दार से होगी। इसके बाद द्वितीय चरण में 50 हजार से 1 लाख और तृतीय चरण में 25 हजार से 50000 रुपये तक के बकाया दार से होगा।

### जिले में 3 स्थानीय अवकाश घोषित

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आदेश जारी करते हुये वर्ष 2024 में जिले में 3 स्थानीय अवकाश घोषित किये है। जो कि 15 जनवरी मकर संक्राति पर, 26 मार्च 2024 होली का दूसरा दिन तथा 11 अक्टूबर 2024 दुर्गाष्टमी के दिन होगी।

## उपार्जन केंद्रों पर पटवारियों की लगायी जायेगी ड्यूटी, सुबह 9 बजे से परिवहन का कार्य होगा प्रारंभ

# धान परिवहन के लिये ट्रकों का होगा अधिग्रहण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर व जिला उपार्जन समिति के अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को धान उपार्जन से संबंधित अधिकारियों के साथ धान परिवहन तथा सत्यापन आदि के संबंध में बैठक आयोजित की। समीक्षा में प्रतिदिन धान खरीदी और हर दिन होने वाले परिवहन की जानकारी प्राप्त करते हुये निर्देश दिये कि अब से परिवहन का कार्य सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। साथ ही धान परिवहन के लिये ट्रकों का अधिग्रहण किया जायेगा। अधिग्रहण के लिये परिवहन अधिकारी सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों को सूचना की गई। इसके अलावा धान परिवहन के लिये लोडिंग व अनलोडिंग कार्य के समन्वय के लिये सभी एसडीएम्स को पटवारियों की ड्यूटी लगाने के भी आदेश किये गए है। ट्रकों का अधिग्रहण कर धान उपार्जन में ट्रांसपोर्टर को प्रदान किया जायेगा। इसके अलावा कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी नोडल अधिकारियों से किसानों के सत्यापन की अपडेट जानकारी एक दिन में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। बैठक के दौरान परिवहन में हमालों तथा वाहनों की कमी सामने आयी। इन कमियों को दूर करने के लिये सभी संबंधित विभागों को अपने-अपने दायित्व समझते हुये त्वरित कार्य करने के निर्देश दिये गए। बैठक के दौरान सीसीबी, सीईओ श्री आरसी पटले, खाद्य आपूर्ति अधिकारी सुश्री ज्योति बघेल आर्य, विपणन अधिकारी श्री हिरेंद्र रघुवंशी, कृषि उपसंचालक श्री राजेश कुमार खोब्रागढ़े उपस्थित रहे।

### 410 ट्रकों से हुआ धान परिवहन

धान परिवहन के मामलें में जानकारी देते हुये जिला विपणन अधिकारी श्री हिरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि 330 ट्रकों के माध्यम से समितियों से धान का परिवहन किया गया जबकि 80 ट्रक्स से मिलर्स ने धान परिवहन किया है। शुक्रवार को विभिन्न तहसीलों से 70620 मीट्रिक टन धान परिवहन किया गया है। साथ ही बारदानों की स्थिति को लेकर बताया कि 12500 पुरानी गठाने समितियों को दी जा चूकी है। 17500 गठाने गोदामों में है और 8500 गठाने समितियों के पास उपलब्ध है।

### 340562 मीट्रिक टन धान खरीदा, 174000 मीट्रिक टन धान हुआ परिवहन

डीएमओ श्री रघुवंशी ने बताया कि आज दिनांक तक जिले में 66298 किसानों से 3 लाख 40 हजार 562 मीट्रिक टन धान खरीदा गया। इसमें अब तक 1 लाख 74 हजार मीट्रिक टन धान का भंडारण गोदामों में किया जा चुका है। साथ ही 220.21 करोड़ रुपये का भूगतान 29742 किसानों को किया गया है। अब तक 92334 किसानों ने स्लॉट बुक कराया है। परिवहन के लिये जिले को 5 सेक्टर में बांटा गया है। बालाघाट व लालबर्रा में 46 व 25, खैरलांजी व वारासिवनी मे 65, किरनापुर व लांजी में 85, कटंगी व तिरोड़ी में 65 तथा बैहर, बिरसा व परसवाड़ा में 70 ट्रकों द्वारा परिवहन का कार्य किया जा रहा है।



## सांसद ड़ॉ. बिसेन ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की बताई उपलब्धियां

# फतेहपुर में किसानों ने पाये रागी के मिनीकिट

**बालाघाट।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के क्षेत्रीय सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन गुरुवार को परसवाड़ा जनपद के फतेहपुर पंचायत में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुये यहां उन्होंने भारत शासन द्वारा प्रारंभ किये गए विकसित भारत संकल्प यात्रा के महत्वों के बारे में विस्तार से सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत शासन आम नागरिकों तक विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पहुंचकर उन्हें लाभ देकर विकास की दौड़ में शामिल करने के लिये जुटी हुई है। भारत शासन ने न सिर्फ किसानों को लाभ दिया बल्कि महिलाओं को भी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सुविधा प्रदान की है। चाहे वो प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत गैस चूल्हा प्रदान करने की बात हो या स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण की। इन दो योजनाओं ने भारत की महिलाओं को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभाई है। पीएम आवास और जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर तक पानी पहुंचाने का एक अलग मिशन चल रहा है। सांसद डॉ. बिसेन ने फतेहपुर के 20 किसानों को राज्य मीलेट मिशन योजना अंतर्गत रागी फसल के मिनीकिट भी प्रदान की है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, एसडीएम, जनपद सीईओ और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शुक्रवार को कुल 2285 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच हुई। इसमें लालबर्रा के 424, बिरसा के 291, कटंगी के 245, खैरलांजी के 125, बालाघाट के 146, लांजी के 526, किरनापुर के 104, परसवाड़ा के 231, बैहर के 112 और वारासिवनी के 81 ग्रामीणों श्री स्वास्थ्य जांच की गई। यात्रा के दौरान कुल 947 नागरिकों की टीबी की जांच और 407 की सीकल सेल जांच की गई है तथा 217 हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी सुनायी गई।

# एनजीटी के पारित आदेश पर संभागायुक्त ने की जांच

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

राष्ट्रीय हरित अभिकरण (एनजीटी) सेन्ट्रल जोन बैंच भोपाल में 07 दिसम्बर 23 को पारित आदेश पर जिले मे अवैध उत्खनन से संबंधित शिकायत की जांच के लिए गठित समिति के द्वारा संभागायुक्त जबलपुर की अध्यक्षता बुधवार 4 जनवरी 24 जांच की गई। शिकायतकर्ता जितेन्द्र उर्फ राजा लिल्हारे के द्वारा की गई शिकायती स्थल ग्राम भौरगढ़, शंकर पिपरिया, कुम्हली, मोवाड, डोंगरिया, चिचोली, बोनकट्टा, आंजनबिहरी मे भ्रमण कर जांच की गई। इसके अलावा जबलपुर संभागायुक्त श्री अभय वर्मा ने दूसरे दिन 5 जनवरी को ग्राम बिठली, मोहगांव, अतरी, गुनई, चुटिया, सावरी, खैरी, मे भ्रमण कर जांच की। इन स्थलो पर जांच के दौरान ग्राम डोंगरिया, चिचोली मे अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण मे संलिप्त वाहन 06 डम्फर, 01 ट्रक, 06 पोकलेन एवं 01 जे.सी.बी. के विरूद्व थाना खैरलांजी मे प्राथमिकता सूचना दर्ज कराई गई। इसी तरह 5 जनवरी को जांच के दौरान ग्राम मोहगांवखुर्द मे 01 पोकलेन एवं ग्राम खैरी मे 01 पोकलेन तस्दीक उपरान्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। शिकायती क्षेत्र का सीमाकंन एवं सीमा क्षेत्र से बाहर किये गये अवैध उत्खनन की जांच के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), अनुविभागीय अधिकारी (वन) एवं संबंधित खनि निरीक्षक का संयुक्त जांच दल गठित किया गया है। ये दल समिति शिकायती क्षेत्र के सीमाकंन / जांच उपरान्त प्रतिवेदन 8 जनवरी शाम 4:00 बजे तक संभागायुक्त जबलपुर संभाग जबलपुर के समक्ष अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के लिये निर्देशित किया गया है।



## परिवहन में देरी से केंद्र में लगा किसानों की अनाज का ढेर

# धान खरीदी मनेरी में केंद्र प्रभारी की दंबगई से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



धान खरीदी को लेकर लांजी तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित मनेरी से काफी गड़बड़ी की शिकायतें प्राप्त हो रही है। मनेरी धान उपार्जन केन्द्र में इलेक्ट्रॉनिक कांटे से नियत मात्रा से ज्यादा धान तौला जा रहा है। जिससे किसानों की मेहनत की कमाई की चोरी धान खरीदी प्रभारी की जेब में जा रही है। सेवा सहकारी समिति मर्यादित मनेरी में सुखत तथा बोरे के वजन के नाम पर किसानों से डेढ़ से 2 किलो तक अधिक धान लिया जा रहा है। इतना ही नहीं गड़बड़ी के नाम पर यहां बोरे की सिलाई भी तौल के बाद नहीं की जा रही है। हजारों क्विंटल धान बिना सिलाई किए केंद्रों में पड़ा हुआ है। यहां पदस्थ केंद्र प्रभारी विलास चौरे से सवाल जवाब करने के लिये यहां अपनी उपज बेचने पहुंचे किसान भी दस मर्तबा सोचते है क्योंकि केंद्र प्रभारी की दंबगई पूरे क्षेत्र में जगजाहिर है। और कभी कोई किसान हिम्मत करके सवाल कर भी ले तो वह उल्टे अधिकारियों को ही लपेटते हुए कहते हैं कि कोई अधिकारी धान खरीदी करके दिखाए। सीधे अधिकारियों को चैलेंज करने वाले ऐसे प्रभारियों को अधिकारियों का ही संरक्षण खुले तौर पर प्राप्त है।

**प्रभारी को अधिकारियों का खुला संरक्षणः** धान खरीदी केंद्र मनेरी में सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। यहां के खरीदी केंद्रों में तरह से किसानों के शोषण करने का काम बदस्तूर पिछले कई वर्षों से जारी है। जब इस बात की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाती है तब भी कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया जाता। पहले भी इस केंद्र में भ्रष्टाचार के कई किस्से उच्च अधिकारियों के सामने आ चुके हैं। वहीं जिस प्रकार यहां गड़बडिय़ां उजागर हो रही है निसंदेह यह सहकारिता विभाग को सवालों के घेरे में ला रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें अंधेरे में रखकर धान तौला जाता है। धान खरीदी में पूरी तरह पारदर्शिता नहीं अपनाई जा रही है। वहीं केंद्र प्रभारी से सवाल जवाब करना भी उनके लिये पाप करने जैसा है जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं खरीदी के दौरान खरीदी केंद्रों में पहुंचने वाले अधिकारियों की लंबी सूची है लेकिन कार्यवाही देखें तो किसी भी प्रभारी के विरुद्ध अभी तक नहीं हुई है। किसानों के द्वारा कई जगह से शिकायतें प्राप्त हुई है लेकिन जमीनी स्तर पर एक भी कार्यवाही अधिकारियों ने नहीं की है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने की केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है।

**खरीदी की आधी धान भी नहीं हुई परिवहनः** सेवा सहकारी समिति मर्यादित मनेरी में अब तक धान खरीदी दिनांक से लगभग 22 हजार क्विंटल धान किसानों से खरीदी की जा चुकी है परंतु परिवहन लगभग 11 हजार क्विंटल धान का ही हुआ है जिससे हजारों क्विंटल धान खुले में पड़ी है। विगत दिनों वाहन चालकों की हड़ताल का बहाना भी केंद्र प्रभारियों के लिये ढाल साबित हो रहा है जिससे वे अपनी गलतियों पर पर्दा डाल रहे है। धान खरीदी केंद्र मनेरी में अव्यवस्थाओं का आलम इस कदर हावी है की किसानों को अपनी धान बेचने के लिये स्वयं ही बारदानों में खरीदी केंद्र की मार्किंग करनी पड़ रही है। किसानों का कहना है सरकार द्वारा किसानों के हित में सिर्फ कागजी बाते की जाती है हकीकत से इन सब का कोई लेना देना नहीं होता। पहले अपने उपज को मजदूरों की तरह उपार्जन केंद्र तक लाओं और वापस यहां भी मजदूरों की तरह अपनी उपज बेचने के लिये यहां वहां भटकना पड़ता है।

## मंत्रालय को भेजी सर्वे रिपोर्ट, जेडआरयूसी की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

# बल्लारशाह से जबलपुर तक दोहरी लाइन का सर्वे पूरा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जेडआरयुसी की बैठक में सदस्य मोनिल जैन ने जिले से रेल सुविधाओं को लेकर कई प्रस्ताव रखे है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि बल्लारशाह से जबलपुर तक रेलवे लाइन के दोहरीकरण कार्य का सर्वे पूरा हो गया है। सर्वे रिपोर्ट रेलवे मंत्रालय भेजी गई है। इसके बजट आबंटित होते ही इस पर कार्य शुरू हो जाएगा।

साथ ही उन्होंने बिलासपुर जोन रेल सलाहकार समिति सदस्यों की बैठक में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जोन के अंतर्गत बालाघाट स्टेशन सहित अन्य स्टेशनों को सर्व सुविधायुक्त बनाने, बालाघाट में बन रहे रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में आवागमन बंद होने से व्यापारियों की परेशानियों को देखते अंडरपास का निर्माण जल्द से जल्द पुरा करने, नैनपुर में डेमो मेमू एवं एक्सप्रेस गाडियों के लिए ट्रेन एवं ट्रैक मैंटैनेस यार्ड का निर्माण करने, बालाघाट स्टेशन परिसर वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट का निर्माण, कोरोना काल के बाद से बंद सीनियर सिटीजन रियायतों को बहाल करने सहित अन्य प्रस्ताव दिए।



## आयुष्मान जागरूकता पखवाड़ा

# अवकाश के दिनों में भी आयुष्मान कार्ड बनेगें



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

नगरपालिका क्षेत्र बालाघाट में आयुष्मान भारत योजना ''आयुष्मान भवः'' अंतर्गत शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से 'आयुष्मान जागरूकता पखवाड़े' का आयोजन 1-15 जनवरी 2024 तक किया जा गया है। हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगरपालिका बालाघाट एवं अधिकृत सीएससी केन्द्र सर्च इन्फोटेक मोतीनगर में अवकाश के दिनों में भी आयुष्मान कार्ड बनाये जायेगें। प्रभारी राकेश वर्मा 'ताम्रकार' ने बताया है कि जिस हितग्राहियों के कार्ड प्राप्त नहीं हुआ है वह भी अपना कार्ड भी निकालवा सकते है। शनिवार एवं रविवार को पात्र हितग्राही के आयुष्मान कार्ड 11 से 4 बजे तक बनाये जायेगें। पात्रता एवं अस्पतालों जानकारी के लिए हेल्प लाईन नंबर 14555 पर निःशुल्क संपर्क किया जा सकता है।

# जनपद सदस्य के उपनिर्वाचन में 66 प्रतिशत सरपंच में अधिकतम 85 और पंच में 78.5 प्रतिशत हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



### जनपद सदस्य के लिये 10, सरपंच पदों के लिये 8 और पंच पद के लिये 3 मतदान केंद्रो पर हुआ मतदान

त्रिस्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन के अंतर्गत गुरुवार को जिले में जनपद पंचायत कटंगी तथा जनपद पंचायत बैहर, खैरलांजी और बालाघाट के अलावा किरनापुर व बालाघाट में पंच पदों हेतु शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कटंगी में जनपद सदस्य के लिये 66 प्रतिशत मतदान किया गया। यहां कुल 5059 मतदाताओं में से 3345 मतदाताओं में 1651 पुरुष व 1694 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। इसी तरह बैहर जनपद पंचायत में मोहरई पंचायत में सरपंच पद के लिये 71.5 प्रतिशत, खैरलांजी की पंचायत चिखला में 70.8 और बालाघाट में धापेवाड़ा पंचायत में सरपंच पद के लिये 85 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा पंच पद के लिये बालाघाट व किरनापुर जनपद में हट्टा, खारा व मुर्री में भी मतदान सम्पन्न हुआ। इसमें बालाघाट में 68 प्रतिशत और किरनापुर में 78.5 प्रतिशत मतदान निर्धारित समय 3 बजे तक हुआ।

स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कटंगी में 1 जनपद पंचायत सदस्य पद के लिये जमुनियॉ, बनेरा और कटेरा के 10 मतदान केंद्रो पर मतदान किया गया। इसके अलावा मोहरई में सरपंच पद के लिये 2 मतदान केंद्रो पर चिखला में 3 मतदान केंद्रो पर और धापेवाड़ा में भी 3 मतदान केंद्रो पर मतदान हुआ। वहीं हट्टा, खारा व मुर्री के मतदान केंद्रो पर मतदान किया गया।

# सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



नगर के स्थित काली पुतली चैक के समीप गार्डन में मूवमेंट 21 संगठन बालाघाट ने शाम 6 बजे माता सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया । कार्यक्रम की शुरूआत मूवमेंट 21 के सदस्यों द्वारा सावित्रीबाई फुले का छायाचित्र मंच पर रखकर माल्यार्पण कर अभिवादन किया गया एवं कार्यक्रम प्रारंभ हुआ । कार्यक्रम में सावित्रीबाई के जीवन दर्शन एवं संघर्ष को नाटिका के रूप में प्रस्तुत किया गया साथ शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को दर्शाया गया । कार्यक्रम में मूवमेंट के द्वारा निर्मित गीतों पर नृत्य कर समाँ बांध दिया । मूवमेंट 21 के सदस्यों ने मनमोहक नृत्य से उपस्थित जनसमुदाय को थिरकने पर मजबूर कर दिया । इ स अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान करने वाले जिले के 5 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया एवं उनके कार्यों की प्रसंशा भी जनमानस ने की । सम्मान पाने वाले शिक्षकों में- रमा तेकाम जी, फिरोजा खान जी, पालनसिंह परते जी, हेमलता लिल्हारे जी एवं मनोज मेश्राम इन शिक्षकों का सम्मान किया गया । सदस्यों द्वारा विभिन्न माध्यमों से शिक्षा के लिये प्ररित करने एवं महिलाओं को जागृत करने पर उनका सम्मान किया गया । कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुती से सबका मन मोह लिया । इस ऐतिहासिक अवसर पर मूवमेंट 21 की पूरी टीम जिसमें आमोद जी, समुन जी, डॉ. कल्पना जी, धनेन्द्र, राजेश, हर्षवर्धन, सुनील चेतन, मनोज मरकाम जी, आशीष गढ़पाल, प्रकाश हिरकने, सिध्दार्थ, प्रनीत, ममता, प्रकृति, सूर्यकांत, राखी जी, राजकुमार एवं मूवमेंट के सदस्य सभी सदस्य मौजूद थे । कार्यक्रम के अंत में प्रकाश जी द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सदस्यों एवं उपस्थित जन समुदाय का आभार-धन्यवाद देकर समापन किया गया तथा पूरी टीम द्वारा सफाई का विशेष ध्यान रखते हुए कार्यक्रम स्थल की पूरी साफ-सफाई कर श्रमदान किया गया तथा कार्यक्रम स्थल पर कचरा उठाकर सफाई का संदेश समाज को दिया ।

## मध्यान भोजन में गुणवत्ता का रखें ध्यान : साहु

# जप उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने आधा दर्जन शालाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बिरसा जनपद उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने 5 जनवरी को आधा दर्जन शालाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षाओं का संचालन, अनुशासन, शिक्षा का स्तर, शाला गणवेश, भवन सरंचना, पाठ्य पुस्तक वितरण, पाठ्यक्रम की स्थिति, शाला में दर्ज संख्या व पदस्थ शिक्षकों की संख्या, उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, माई की बगिया, शाला में शौचालय, शाला परिसर की साफ-सफाई आदि विभिन्न बिंदुओं के आधार पर शालाओं का निरीक्षण किया गया। जिसमें संकुल कचनारी के शास. प्रा. शाला आवासटोला में पदस्थ शिक्षिका लीलावती लिल्हारे बिना आवेदन स्वीकृति के शाला में अनुपस्थित मिले। शास. प्रा. शाला मजगांव में पदस्थ शिक्षक गिरीश कलपुरे बिना किसी आवेदन स्वीकृति के शाला में अनुपस्थित मिलें। ग्रामीणों व पालकों की काफी लंबे समय से शिकायत प्राप्त हो रही थी कि प्रत्येक शनिवार शाला दिवस में दोपहर 2 बजे शाला से घर चले जाते हैं। शास. प्रा. शाला अचानकपुर में पदस्थ शिक्षक मुकेश उके एवं मंजुलता गेडाम बिना किसी आवेदन स्वीकृति के शाला में अनुपस्थित मिलें। वहीं शास. प्रा. शाला उर्सेकल (प्रदीप कावड़े) व शास. प्रा. शाला मछुरदा (शिक्षिका प्रियंका पिपरे) बिना आवेदन स्वीकृति के शाला में अनुपस्थित मिले। संकुल दमोह, शास. प्रा. शाला पीपरटोला में पदस्थ शिक्षक भोजकुमार कोहरे 14 अक्टूबर 2023 से बिना किसी आवेदन स्वीकृति के शाला में अनुपस्थित मिलें। उपरोक्त शिक्षकों का इस प्रकार कृत्य इनके शैक्षणिक कार्य के प्रति उदासीनता को दर्शाता हैं।